आयोजन | गायन-वादन की एकल प्रस्तुति ने श्रोताओं को किया मंत्रमुग्ध, किया गया, सम्मानित

मीराबाई के चरित्र पर वंदनाश्री ने दी प्रभावी प्रस्तुति

मथुरा, हिन्दुस्तान संवाद। केंद्रीय संगीत नाटक अकादमी दिल्ली की अनुदान योजना में ब्रज लोक संस्कृति एवं सेवा संस्थान ने सारथी परिवार के सहयोग से ब्रज कला केंद्र में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकार वंदनाश्री द्वारा मीरा बाई के चरित्र पर आधारित गायन अभिनय नृत्य की एकल प्रभावी प्रस्तुति की गई।

देश-विदेश में ख्याति प्राप्त कलाकार वंदनाश्री ने नृत्य नाटिका की रूपरेखा प्रस्तुत कर कहा कि इसमें कृष्ण भक्ति का प्रेरणात्मक संदेश है। संगीतिका में प्रस्तुत कथानक के अनुरूप पार्श्व पृष्ठभूमि में संबंधित दृश्यों को आकर्षक रूप में दर्शाया गया था। कार्यक्रम का समापन मयूर नृत्य से हुआ। मीरा बाल्यकाल से ही कृष्ण भक्ति में लीन हो गई थी और कृष्ण को अपना पति मान लिया था। विवाह योग्य होने पर माता ने जब बिवाह की बात की तो यही उत्तर दिया मेरे तो गिरधर गोपाल दूसरा न कोई जाके सिर मोर मुकुट मेरो पति सोई। समापन पर विशिष्ट

रविवार को ब्रज कला केंद्र में मीराबाई चरित्र पर एकल प्रस्तुति देने वाली वंदनाश्री को सम्मानित करते पदाधिकारी। • हिन्दुस्तान

अतिथि उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी के पूर्व उपाध्यक्ष पद्मश्री मोहनस्वरुप भाटिया ने कहा कि आज की पीढ़ी मीरा आदि को भूलती जा रही है। इससे भारत का गौरवशाली इतिहास आहत होगा। उन्होंने कहा कि प्राचीन इतिहास को भावी पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए मीरा जैसी प्रेणात्मक संगीत नाटिकाओं का देश में मंचन होते रहना आवश्यक है। इसमें केन्द्र के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोहर लाल गोयल, राजेन्द्र भगत, दीपक गोयल, दीपा भार्गव, नरेश बर्मन, वीरेन्द्र गोयल, नीलेश आदि रहे। संचालन राजकुमार यादव ने किया। अंत में सारथी के अध्यक्ष मफतलाल अग्रवाल ने वंदनाश्री को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

हिन्दुस्तान 18. July 2022